प्रेषक,

प्रधानाचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
करौंदी, वाराणसी।

सेवा में,

1. समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
जनपद, वाराणसी।
2. समस्त प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
निजी आई0टी0आई0,
जनपद, वाराणसी।

पत्रांकः 020/स्था0/खेल–कूद/2025/3141 दिनांक 14 नवम्बर, 2025

**विषय: राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षार्थियों के लिए जनपद तथा मण्डल स्तर पर खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना तथा मण्डलीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर पर वृहद रूप से प्रतियोगिता का आयोजन कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 01.09.2025 तथा संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिक्षु0) के पत्र संख्या–स0नि0/खेल–कूद प्रतियोगिता/वृ0/2025/606 दिनांक 07.11.2025 के द्वारा जनपद/मण्डल स्तर पर/प्रदेश स्तर पर समयबद्ध रूप से बालीबाल, कबड्डी, बैटमिंटन, एथलीट (100मीटर, 400 मीटर, रिले रेस, लांग जम्प, शार्ट फुट) खो–खो एवं टंग आफ वार खेल–कूद प्रतियोगिता कराने के निर्देश प्राप्त हुए है।

तत्क्रम में जनपद वाराणसी में उक्त कार्यक्रम दिनांक 17.11.2025 से 20.11.2025 तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौंदी वाराणसी में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किये जाने है, जो निम्नवत है:–

1. कबड्डी, खो–खो– दिनांक 17.11.2025
2. बालीबाल– दिनांक 18.11.2025
3. बैटमिंटन, एथलीट (100मीटर, 400 मीटर, रिले रेस, लांग जम्प, शार्ट फुट)– दिनांक 19.11.2025
4. टंग आफ वार– दिनांक 20.11.2025

अतः उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार आप अपने संस्थान को इच्छुक प्रशिक्षार्थियों के नाम इस संस्थान के श्री विनय कुमार सिंह कार्यदेशक/खेल प्रभारी को दिनांक 15.11.2025 के अपरान्ह तक प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षार्थियों की सूची प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। प्रशिक्षार्थी अपने संस्थान के यूनीफार्म, आई0 कार्ड तथा प्रतिभाग करने का आदेश पत्र अवश्य लायेगें, अन्यथा सम्बन्धित प्रशिक्षार्थी को खेल–कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं कराया जायेगा।

भवदीय

(एम0के0 सिंह)
प्रधानाचार्य

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिक्षु0) वाराणसी मण्डल चौकाघाट, वाराणसी।
2. संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिक्षु0) बस्ती मण्डल, बस्ती।
3. निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
4. प्रशिक्षण लिपिक, श्री हेमन्त सिंह व0स0 संस्थागत को इस निर्देश के साथ कि संबंधित पत्रावलियों का रख–रखाव तथा अन्य संबंधित कार्य करना सुनिश्चित करेगे।

14/11/25

(एम0के0 सिंह)
प्रधानाचार्य

Scanned with OKEN Scanner